हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 304 | पटना, शुक्रवार, 27 दिसम्बर, 2024 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## संपादकीय

## नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए

जे पी चौधरी



देश का सर्वोच्च न्यायालय ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफ से इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके।

यह तार्किक है कि सर्वोच्च न्यायालय की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चचाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं। जो एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। जो कानून व पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिये धनबल से तमाम तरीके इजाद कर लेते हैं। इसे पंजाब के हालात के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, यह सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के चक्रव्यूह में फंस रहा है। साल की शुरूआत में अत्यधिक नशे की डोज से मरने की घटनाओं से पंजाब हिल गया था। जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए।

# रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**रीगा (संवाददाता)।** नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के प्रथम चरण के तीसरे दिन सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सीजन 2024-25 के लिए चीनी मिल संचालन का गन्ना का बंडल डालकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रीगा चीनी मिल के संचालन कार्यों की जानकारी ली और मिल परिसर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के दौरान प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने डुमरा प्रखंड के मनियारी गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीतामढ़ी जिले के लिए 236 करोड़ 60 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 141 करोड़ 12 लाख 92 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 95 करोड़ 47 लाख 78 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित सतुआही पोखर, मनियारी (डुमरा में) नौका विहार तथा पोखर किनारे योग सह ध्यान केंद्र, खुला व्यायामशाला एवं बाल क्रीड़ा स्थल का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान का गुब्बारा उड़ाया। मुख्यमंत्री ने सतुआही पोखर में दो हंसों के जोड़ा को भी छोड़ा। योग सह ध्यान केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने तालाब के निरीक्षण के दौरान कहा कि इसके चारों तरफ सीढ़ी बनाएं और बगल में सुरक्षात्मक घेरा बनाएं ताकि कोई तालाब में न गिरे। तालाब ऐसा बनाएं कि यह देखने में आकर्षक लगे और साथ ही यहां लोगों के घूमने एवं बैठने के लिए भी समुचित व्यवस्था हो।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीविका दीदियों को 36 करोड़ 57 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस दौरान जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि वर्ष 2006 में हमने जीविका की शुरूआत की। हमने इसे 'जीविका' नाम दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को 'जीविका दीदी' कहा। बाद में उस समय की केंद्र सरकार ने बिहार के जीविका के कार्यों की सराहना की और इसका अनुकरण करते हुए पूरे देश में 'आजीविका' नाम से इसे शुरू किया। जीविका दीदियों के हित के लिए हमने कई कार्य किए हैं। आपलोग इसे याद रखिएगा। आपलोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं, इसे देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। हम चाहते हैं कि आपलोग हमेशा आगे बढ़ते रहिए। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, कृषि विभाग, जिला यक्ष्मा केंद्र, उद्योग विभाग, कुशल युवा कार्यक्रम, समेकित बाल विकास परियोजना आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत जन्म देनेवाली माताओं को 2000 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। ई-रिक्शा के लाभुकों, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत मनिहारी के नये पंचायत सरकार भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और पंचायत सरकार भवन के विभिन्न केंद्रों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीतामढ़ी पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बेलसंड प्रखंड अंतर्गत मधकौल टूटान स्थान का हवाई निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह सीतामढ़ी जिला के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, सांसद श्रीमती लवली आनंद, विधायक

पंकज मिश्रा, विधायक चेतन आनंद, विधायक अनिल राम, विधायक श्रीमती गायत्री देवी, विधायक मोतीलाल प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, ए०डी०जी० कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी० कार्तिकेय धनजी, सीतामढ़ी जिला के जिलाधिकारी रिची पांडेय, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## युवाओं पर लाठीचार्ज क्रूरता की पराकाष्ठा, भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है। बीपीएससी की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीएससी) के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को पटना में विरोध-प्रदर्शन किया, जिस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बताया था कि पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों पर उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब उनमें से कुछ बैरिकेड तोड़कर बीपीएससी कार्यालय तक पहुंच गए और यातायात बाधित किया।

प्रियंका गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, हाथ जोड़ रहे युवाओं पर इस तरह लाठी चलाना क्रूरता की पराकाष्ठा है। भाजपा राज में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जाता है।

उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या मध्य प्रदेश, युवा अगर अपनी आवाज उठाते हैं तो उन्हें बर्बरता से पीटा जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे युवा देश के नौजवानों का भविष्य क्या होगा, यह सोचना और उनके लिए नीतियां बनाना सरकारों का काम है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, भाजपा के पास सिर्फ कुर्सी बचाने का दृष्टिकोण है। जो मांगेगा रोजगार, उस पर होगा अत्याचार।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने चार परियोजनाओं का उद्घाटन व दो का किया शिलान्यास



**हरियाणा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यहां कोसली विधानसभा क्षेत्र में 23 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली छह विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

एक आधिकारिक बयान में यहां बताया गया कि 20.53 करोड़ रुपये की लागत वाली चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 2.51 करोड़ रुपये की लागत वाली दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। बयान के अनुसार उद्घाटन की गई परियोजनाओं में बोहका में 33 केवी सबस्टेशन, धवाना को मंडोला से जोड़ने वाली सड़क, बोहतवास अहीर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और लिलोध में एक माध्यमिक विद्यालय भवन शामिल हैं।

इसके अनुसार गुगोड़-तुम्बाहेड़ी सड़क और मुस्सेपुर से हालुहेड़ा संपर्क सड़क परियोजना का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आवश्यक मानदंडों को पूरा करने के बाद डहीना खंड को उप-मंडल का दर्जा मिलेगा। सैनी ने इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने किसानों के हित में कई निर्णय लिए हैं, जिनमें राज्य के किसानों की फसलों की एमएसपी पर शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे हरियाणा में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वाजपेयी सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए मार्गदर्शक : लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को यहां कहा कि संसद के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयास सभी नेताओं के लिए मार्गदर्शक हैं।

बिरला ने वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उच्च मानदंड स्थापित किए और देश की सामूहिक चेतना पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### हेमंत सोरेन के शासन में असुरक्षित महसूस कर रहीं झारखंड की महिलाएं : पूर्णिमा साहू

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पुत्रवधू और पहली बार विधायक बनीं भाजपा नेता पूर्णिमा साहू ने दावा किया कि हेमंत सोरेन सरकार के शासन में अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण राज्य की महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। साहू इस साल के चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य अजय कुमार को 42,000 से अधिक मतों से हराकर राज्य विधानसभा के लिए चुनी गई थीं। दास 1995 से पांच बार इस सीट पर काबिज रहे।

## देश की प्रगति विरोधी ताकतों को हराने के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को नागरिकों से राष्ट्र प्रथम की मानसिकता अपनाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि देश की प्रगति में बाधा डालने वाली आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की ताकतों का मुकाबला किया जा सके। धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक जिले में जैविक तरीके अपनाने वाले किसानों के एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकतंत्र में समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि किसान कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं। अगर समाज का कोई वर्ग चिंतित है तो उसका सकारात्मक तरीके से और बिना देरी के समाधान करना जरूरी है। लोकतंत्र में मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है। मैंने कई मौकों पर कहा है कि लोकतंत्र में बातचीत के जरिए ही समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने संबोधन में बातचीत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो संघर्ष देखने को मिल रहे हैं उन्हें बातचीत के माध्यम से ही समाप्त कराया जा सकता है।

## किसानों का आंदोलन तेज, 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान

**पंजाब।** किसान मजदूर संघर्ष समिति के एक किसान नेता ने कहा कि 30 दिसंबर को पंजाब में राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। मीडिया से बात करते हुए सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि बंद को राज्य भर में कई यूनियनों और समूहों से समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि बंद सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक प्रभावी रहेगा। आगे बोलते हुए, किसान नेता ने कहा कि पंजाब में सरकारी और निजी कार्यालय बंद रहेंगे, और रेल आंदोलन और सड़क यातायात में भी व्यवधान होगा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी।

पंडेर ने कहा कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारी संघों, टोल प्लाजा श्रमिकों, श्रमिकों, पूर्व सैनिकों, सरपंचों और शिक्षक संघों, सामाजिक और अन्य निकायों और कुछ अन्य वर्गों ने बंद को अपना समर्थन दिया है। साथ ही आम लोग भी इसका समर्थन कर रहे हैं। पंढेर ने पुष्टि की कि ये कार्रवाइयां उनके चल रहे विरोध का हिस्सा हैं और उनका उद्देश्य उनकी मांगों को उठाना है। किसान नेता ने कहा कि यह बंद केंद्र को किसानों की मांगों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करेगा, उन्होंने किसानों की मांगों को स्वीकार करने में विफल रहने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। 'पंजाब बंद' का आह्वान करने का निर्णय पिछले सप्ताह संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा लिया गया था। बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम ने गुरुवार को खनौरी विरोध स्थल पर ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारियों, व्यापारियों और अन्य लोगों की एक बैठक बुलाई।

## युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को राष्ट्र के विकास से जुड़े हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में नए बदलाव और चुनौतियां देख सकते हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम तीसरे 'वीर बाल दिवस' का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मानने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों ने मुगल साम्राज्य के सभी प्रलोभनों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने हर अत्याचार सहा। जब वजीर खान ने उन्हें जिंदा ईंटों से मार देने का आदेश दिया, तो साहिबजादों ने बड़ी बहादुरी के साथ चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने वजीर खान को गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह की बहादुरी की याद दिलाई। उन्होंने मृत्यु को स्वीकार कर लिया, लेकिन आस्था के मार्ग से कभी नहीं डिगे। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने हमें, सभी को एक समान भाव से देखना सिखाया है और संविधान भी हमें इसी विचार की प्रेरणा देता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें देश की अखंडता और विचारों से कोई समझौता ना करने की सीख देता है और संविधान भी हमें भारत की प्रभुता और अखंडता को सर्वोपरि रखने का सिद्धांत देता है। हमारे लोकतंत्र की विराटता में गुरुओं की सीख है, साहिबजादों का त्याग है और देश की एकता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि इतिहास से वर्तमान तक, भारत की प्रगति में हमेशा युवा ऊर्जा की बड़ी भूमिका रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के जनांदोलनों तक, भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' हमें प्रेरणाओं से भरता है और नए संकल्पों के लिए प्रेरित करता है। मैंने लाल किले से कहा है कि अब बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए। मैं अपनी युवा शक्ति से कहूंगा कि वो जिस सेक्टर में हों उसे बेस्ट बनाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर का वो दिन, जब छोटी सी उम्र में हमारे साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की आयु कम थी, लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था।

## अदालत ने मानहानि की शिकायत पर आप नेता सौरभ भारद्वाज को नोटिस जारी किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने 23 दिसंबर को पारित आदेश में भारद्वाज को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें सूरजभान चौहान द्वारा दायर शिकायत के आधार पर नौ जनवरी, 2025 तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अपनी शिकायत में चौहान ने आरोप लगाया कि भारद्वाज ने 2018 में प्रेस वार्ता में झूठा दावा करके उन्हें बदनाम किया था कि उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। न्यायाधीश ने शिकायतकर्ता को उसी मुद्दे पर पहले की शिकायत की प्रतिलिपि दाखिल करने का अंतिम अवसर भी दिया, जिसे एक अन्य अदालत ने खारिज कर दिया था।

# साहस और वीरता के प्रतीक हैं गुरु जी के साहेबजादे: नंदकिशोर यादव




**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी )।** श्री गुरू गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों के बलिदान से प्रेरणा लेकर भारत सरकार के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में बाल दिवस मनाने की घोषणा की। इसी कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर द्वारा श्री गुरू तेग बहादुर एकेडमी हॉल बाड़े की गली पटना साहिब में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंच पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा, प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल, विधायक संजीव चौरसिया, पटना नगर निगम के महापौर श्रीमती सीता साहू,गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही,महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, पूर्व महासचिव महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन,सदस्य हरपाल सिंह जोहल पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन विधान पार्षद प्रमोद चंद्रवंशी ने किया।

इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों ने गुरु वाणी का पाठ और शौर्य गान का पाठ किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के बलिदान आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आज के युवाओं को श्री गुरू गोविंद सिंह जी के इतिहास को जानना चाहिए जिन्होंने हिंदू धर्मऔर राष्ट्र के रक्षा के लिए सर्वक्ष बलिदान कर दिया। उनके बलिदान से प्रेरणा ले कर सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते। कार्यक्रम के सफलता के लिए कार्यक्रम के सह संयोजक प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा लगे रहे। इस कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, राजेश साह, त्रिलोक सिंह निषाद, विनय केसरी, संतोष मेहता, रूपनारायण मेहता,नवीन कुमार सिंहा, सुरेश पटेल, अमित कनोडीया,अजय सिंह,कांति केसरी, संजय सिंह, हेमलता शर्मा, सीता सिन्हा, संगीता चौरसिया, अविनाश पटेल स्कूलों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग अध्यक्ष आदित्य पासवान पीड़ित से मिले

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष आदित्य पासवान ने कहा है कि बिहार में जंगल राज खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है । वे आज मुजफ्फरपुर जिला के देवरिया थाना अंतर्गत ग्राम चांदपुर में पीड़ित के घर पहुचे। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर को शांतनु पासवान अपने बाइक से गेंहू पिसाने जा रहे थे।

घर से कुछ दूरी पर वह निकले तभी रास्ते मे राजपूत समाज के 5 -6 की संख्या में लड़कों ने शांतनु पासवान के बाइक को रोका के बाद तथा उसे जातिसूचक गाली दिया कहा चमार-दुसाध तुम हमलोगों के सामने बाइक पर बैठता है , अच्छे कपड़े पहनकर घूमता है , ये कहकर जातिवाद उस लड़के की बेरहमी से पिटाई कर देते हैं ।




घटना की सूचना मिलते ही शान्तनु की बहन अपने भाई को बचाने के लिए पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

घटना के घटित हुए 1 सप्ताह से भी ऊपर हो गए हैं लेकिन पुलिस प्रशासन ने अबतक दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कि गई है। आदित्य पासवान पीड़ित और उसके पूरे परिवार से मिले और भरोसा दिलाया की दोषियों पे कड़ी करवाई हेतु वो कंधे से कंधा मिलाकर परिवार के साथ लड़ाई लड़ेंगे और अगर पुलिस प्रशासन इस परिवार को न्याय नहीं देती है तो फिर मैं अपने लोगों के साथ सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे।

# प्रखंड स्तरीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

**कटोरिया/बांका(विजय आनंद)।** कटोरिया प्रखंड अंतर्गत कठौन मंडल टोला स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कटोरिया भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आनंद प्रकाश एवं डॉक्टर साकेत मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर दुधारु मवेशियों को बांझपन से निवारण के लिए निःशुल्क उपचार के साथ साथ दवाइयां भी दी गई। डॉक्टर ने बताया कि पशुओं में बांझपन एक बड़ी समस्या है। पशुपालक मवेशियों की देख-रेख तो करते हैं। परंतु, उनसे गोबर के अलावा कुछ प्राप्त नहीं होता। पशुपालन और डेयरी कारोबार की विफलता का भी यह सबसे महत्वपूर्ण कारण है।



शिविर में बताया गया कि यदि गाय, 6 से 9 माह तक गर्भधारण नहीं करती हैं या बाछी और पारी 3 से 5 साल तक गर्भवती नहीं होती तो यह बांझपन का लक्षण हो सकता है।

दुधारु पशु को गर्म नहीं होना, बार-बार गभार्धान कराने के बाद भी गर्भ नहीं ठहरना, गर्भ की शुरूआत में गर्भपात हो जाना जैसे कई प्रकार से पशु में बांझपन की समस्या होती है। ऐसी स्थिति में पशुओं को उचित चिकित्सीय देखभाल और सलाह की आवश्यकता होती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि बांझपन से मवेशियों को बचाने के लिए देखभाल के साथ ही सही समय पर सही उपचार हो। इस मौके पर पशु टीकाकर्मी उदय शर्मा, प्रधान सोरेन, वीरेंद्र यादव, नागेश्वर मंडल, राकेश आदि उपस्थित थे।

# सी.पी.आई.(एम) का 24वाँ बिहार राज्य सम्मेलन दरभंगा में सम्पन्न

## ललन चौधरी पुन: राज्य सचिव चुने गए

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अखिल भारतीय महासम्मेलन के सिलसिले में बिहार राज्य सीपीआई(एम) का राज्य सम्मेलन 22 से 24 दिसम्बर तक पार्टी द्वारा सघन रूप से चलाये जा रहे भूमि आंदोलन के गढ़ दरभंगा में उत्साह एवं सघर्ष के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

त्रिदिवसीय सम्मेलन में अखिल भारतीय केन्द्र से दो पोलिट ब्यूरो सदस्यो ए॰ राघवन, अशोक धावले तथा दो केन्द्रीय कमिटी सदस्यों ए॰आर॰ सिन्धु एवं अमरा राम, सांसद ने प्रक्षकों के रूप में हिस्सा लेकर सम्मेलन का दिशा -निर्देश किया।

सम्मेलन की शुरूआत विशाल आम-सभा के साथ हुआ, जिसमें हजारो किसानों, मजदूरों, महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस विषाल जनसभा को पोलिट ब्यूरो सदस्य ए0 राघवन, अशोक धावले, सांसद अमरा राम, ए0आर0 सिन्धु, ललन चौधरी, अवधेश कुमार एवं राज्य सचिवंडल सदस्य तथा विधायक दल के नेता अजय कुमार, जिला सचिव अविनाश ठाकुर ने सम्बोधित किया।




सम्मेलन में बिहार की राजनीतिक एवं आर्थिक स्थितियों के विष्लेषण एवं पिछले तीन वर्षों में पार्टी द्वारा 23वीं काँग्रेस द्वारा पारित राजनीतिक दिषा को लागू करने की समीक्षा के साथ प्रस्तुत रिपोर्ट पर गंभीर बहस-मुआबसों के बाद आनेवाले वर्षो में पार्टी के स्वतंत्र जनाधार को विकसित करने के सिलसिले में वर्ग संघर्षों, जन संघर्षों को तेज करने, वाम जनवादी एवं धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की एकता को मजबूत करने एवं आरएसएस-भाजपा की फासीवादी राजनीति का जमीनी स्तर पर मुकाबला करने के विस्तृत कार्यक्रमों को स्वीकार करते हुए, राज्य से लेकर जिला, लोकल एवं इकाई स्तरों पर जनता के साथ मजबूत संबंध स्थापित कर जन लामबंदी के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ सम्मेलन सीपीआई(एम) जिन्दाबाद, वामजनवादी धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की एकता जिन्दाबाद, साम्राज्यवाद, पूँजीवाद मुदार्बाद के गगनभेदी नारों के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में किसानों, खेतिहर मजदूरों, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, बिजली के निजीकरण एवं स्मार्ट मीटर लगाये जाने के खिलाफ, राज्य से खेत मजदूरों के पलायन, मनरेगा को समाप्त करने की साजिश, निर्माण, परिवहन मजदूरों, महिलाओं पर बढ़ते हमलों के खिलाफ एवं आवासीय भूमि आवंटित करने, बेदखली के खिलाफ तथा बाढ़ सुखाड़ के स्थायी निदान सहित दर्जनों प्रस्ताव पारित कर इन तमाम मुद्दों पर संघर्ष छेड़ने का संकल्प व्यक्त किया गया। सम्मेलन के आखरी सत्र में 50 सदस्यीय राज्य कमिटी के चुनाव के साथ

ललन चौधरी को सर्वसम्मति से पुनः राज्य सचिव निर्वाचित किया गया तथा अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिये 18 सदस्यों का चुनाव किया गया।

सम्मेलन में संयुक्त वामपंथी दलों के आह्वान पर अगामी 30 दिसम्बर को देशव्यापी विरोध प्रदर्षन को बिहार में व्यापक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया गया। प्रतिरोध दिवस में अमित शाह के इस्तीफे, एक राष्ट्र-एक चुनाव के कानून को वापस लेने तथा चुनाव नियमों में संषोधन कानून को वापस लेने की मांग की गई है।

सम्मेलन में निम्नलिखित लक्ष्यों को पूरा करने का आह्वान किया।

1. संगठन एवं वर्ग संघर्षों एवं जनसंघर्षों के विस्तार के साथ पार्टी के स्वतंत्र जनाधार को विकसित करो।
2. वाम जनवादी एवं घर्म निरपेक्ष शक्तियों को मजबूत करो।
3. साम्प्रदायिक आरएसएस एवं भाजपा को परास्त कर उसे सत्ता से बेदखल करो।

## संक्षिप्त समाचार

### दलित सेना ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला दहन दहन किया




**जमुई,नवशक्ति (राजेश कुमार सिन्हा)।** अंबेडकर चौक जमुई में दलित सेना बिहार के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास जी के अहवान पर जमुई दलित सेना के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार पासवान के नेतृत्व में दलित सेना जमुई के हजारी प्रसाद के जला अध्यक्ष रामाधीन पासवान,सुरेंद्र मांझी, सलाउद्दीन मिया,मनीष पासवान,मनोज पासवान,सकलदेव रविदास, सरजून पासवान और रामतुरी एब अन्य दलित सेना के सदस्य के द्वारा केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया।

### जिला पदाधिकारी बांका द्वारा कई योजनाओं का किया गया निरीक्षण: दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



**कटोरिया/बांका।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार के द्वारा समाहरणालय परिसर, जिला अतिथि गृह तथा दुर्गा पोखर का निरीक्षण किया गया इस संबंध में समाहरणालय परिसर के निर्माणाधीन होम गार्ड आवासीय परिसर का निरीक्षण किया गया तथा कार्य को जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया समाहरणालय परिसर के मुख्य गेट के पास होर्डिंग का निरीक्षण किया गया तथा निर्देश दिया गया की होर्डिंग का उपयोग किसी भी प्रकार के गैर सरकारी कार्यों में ना किया जाए। दुर्गा पोखर के पास फैली हुई कूड़ा को साफ सफाई हेतु लाइटिंग के व्यवस्था फूलों के पौधे तथा शौचालय के निर्माण का निर्देश सिटी मैनेजर को दिया गया। इस मौके पर जिला नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण मौजूद रहे।

### बच्चों के बीच हुई लड़ाई में दो पक्षों के बीच मारपीट

कटोरिया (बांका) निज प्रतिनिधि। कटोरिया थाना क्षेत्र के तेलंगवा गांव में बच्चों के बीच हुई लड़ाई में दो भाईयों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से सुभाष यादव, उसकी पत्नी सोनिया देवी, पुत्र दिलखुश कुमार जबकि दूसरे पक्ष से पूरण यादव एवं पत्नी सविता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जख्मी सभी का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा कटोरिया थाना में आवेदन देकर एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी की गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार दोनों भाई के बच्चे साथ में खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों में मारपीट शुरू हो गई। बच्चों के बीच हो रही मारपीट में घर के बड़े भी आ गए और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# 15 दिनों तक चले बिहार सरस मेला का गुरुवार को समापन हो गया

**पटना।** पिछले 15 दिनों तक चले बिहार सरस मेला का गुरुवार को समापन हो गया। ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका के द्वारा आयोजित बिहार सरस मेला कई मायनो में खास रहा। अब तक आयोजित सभी बिहार सरस मेला की तुलना में यह मेला इस बार का सरस मेला खरीद-बिक्री एवं आगंतुकों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि कर गया। औसतन प्रतिदिन 1 लाख लोग आये। 15 दिनों में 16 लाख से अधिक लोग आये। लगभग 21 करोड़ रुपये एवं उत्पादों एवं व्यंजनों की की खरीद-बिक्री हुई। बिहार सरस मेला का अवलोकन चार-चार पीढ़ियों ने किया और सदियों पुरानी संस्कृति, शिल्प, परम्परा और देशी व्यंजनों को देख हर्षित हुए। सरस मेला अपने अन्दर लोक संस्कृति, परंपरा एवं लोक कला को अपने अंदर समेटे हुए राष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित



हुआ और आगंतुकों को लुभाया । मेला में बिहार समेत आँध्रप्रदेश, आसाम, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड, केरला, कर्नाटका, मध्य प्रदेश, मणिपुर, महाराष्ट्र, मेघालय, ओड़िसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु,तेलंगाना,उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, एवं पश्चिम बंगाल से आई स्वयं सहायता समूह से जुडी ग्रामीण शिल्पकार एवं स्वरोजगारी अपने-अपने प्रदेश के शिल्प, उत्पाद, परंपरा, संस्कृति एवं व्यंजन को लेकर उपस्थित हुए।

देश के 25 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं एवं स्वरोजगारियों के 500 से अधिक स्टॉल से ग्रामीण शिल्प एवं कलाकृतियाँ एवं उत्पादों की खरीद-बिक्री हुई । जिसमे 300 स्टॉल स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं के लिए स्टॉल , फूड जोन में दीदी की रसोई समेत व्यंजनों के 50 स्टॉल के साथ ही अन्य डेढ़ सौ से अधिक स्टॉल , महिला विकास निगम ,महिला उद्योग संघ तथा विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं बैंको के लिए रहे जहाँ पर विभिन्न योजनाओं से आगंतुकों को जागरूक एवं लाभान्वित किया जाता रहा । भाषा पर आधारित हैंगर बिहा'में बोली जाने वाली भाषाओँ के नाम पर बने हैंगर में भाषा को भी स्थापित किया ' मगही, भोजपुरी , अंगिका एवं मैथली के नाम पर बने हैंगर्स में शिल्प बाजार सजा ' वज्जिका में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रति दिन संध्या समय में आयोजित होता रहा। मेला के प्रति आगंतुकों का बढ़ता आकर्षण मेला के शुभारंभ दिन 12 दिसंबर से ही मेला और मेला के उत्पादों एवं व्यंजनों के कद्रदानो का आगमन होना शुरू हो गया था।

# जमुई जिला के प्रभारी मंत्री रत्नेश सादा ने भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्त पर्चा किया वितरित

**जमुई,नवशक्ति(प्रभाकर कुमार)।** समाहरणालय जमुई परिसर स्थित संवाद कक्ष में बिहार सरकार , राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर अभियान बसेरा टू के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की जा रही है। माननीय मंत्री श्री रत्नेश सादा, मध्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग बिहार सरकार पटना सह अध्यक्ष जमुई जिला प्रभारी मंत्री, माननीय विधायक झाझा श्री दामोदर रावत, माननीय विधायक सिकंदरा श्री प्रफुल्ल मांझी, माननीया विधायिका जमुई सदर सुश्री श्रेयसी सिंह, समाहर्ता श्रीमती अभिलाषा शर्मा , पुलिस अधीक्षक जमुई श्री चंद्रप्रकाश के द्वारा समारोह में जिले के सभी दस अंचलों के कुल 10 भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्त पर्चा दिया। पर्चा पाकर लाभुक मुदित नजर आए।इस अवसर पर अभियान बसेरा टू के तहत भूमिहीन परिवारों को पर्चा के माध्यम से जमीन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने गुरुवार को संवाद कक्ष में अंकित संख्या में से कुल 10 लाभार्थियों को बंदोबस्ती से जुड़े कागजात सौंपे जाने की बात-बताते हुए कहा कि नामित परिवार जमीन उपलब्ध होने के बाद स्थाई रूप से अपना आशियाना बना सकेंगे। शेष भूमिहीन लोगों को चिन्हित कर उन्हें भी शीघ्र जमीन मुहैया कराया जाएगा। जमीन उपलब्ध कराने का यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलता रहेगा। भूखंड के लिए भूमिहीन परिवार खुद भी अपने अंचल कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।एडीएम जमुई, डीडीसी जमुई एसडीएम , डीपीआरओ, डीसीएलआर , नजारत उप समाहर्त्ता समेत अभियान बसेरा टू से जुड़े कई अधिकारी , कर्मी और बड़ी संख्या में लाभुक इस अवसर पर उपस्थित थे।

# विभाग-सह-प्रभारी मंत्री अध्यक्षता में हुयी 20 सूत्री जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**जमुई ,नवशक्ति(प्रभाकर कुमार)।** जिला संवाद कार्यालय की बैठक में माननीय पूर्व मंत्री सह विधायक श्री दामोदर रावत,विधायका सुश्री श्रेयसी सिंह, विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी, जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रप्रकाश, वन प्रमंडल पदाधिकारी जमुई, उप विकास आयुक्त जमुई, आदि मौजूद थे 'बैठक की शुरूआत गत बैठक के अनुपालन से की गई।अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से अनुपालन प्रतिवेदन पर अपना प्रतिक्रिया व्यक्त करने को कहा 'जमुई तथा सिकंदरा विधायक ने जमुई जिले अंतर्गत नगरपरिषद जमुई और झाझा व नगर पंचायत सिकंदरा में अतिक्रमण की समस्या की समस्या का निराकरण करने हेतु अपनी बात रखी ' नाले के निर्माण में गुणवत्ता बरतने व नाले की ऊंचाई पर ध्यान देने तथा निरंतर साफ-सफाई करने के लिए कहा। वहीं माननीय मंत्री ने अंचल के कार्यों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए तथा जिलान्तर्गत अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने को कहा गया ' साथ ही अंचल में भूमि से संबंधित कार्य यथा-दाखिल-खारिज व परिमार्जन आदि कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए कहा गया ' मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण कराएं,जिसकी स्वीकृति प्राप्त है ' जिन लाभुकों के आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो गये है, उनको शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया गया 'आगे माननीय मंत्री ने कहा कि बालू के अवैध खनन एवं परिवहन की वजह से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान होता है। जिसे देखते हुए खान एवं भू-




तत्व विभाग को विशेष छापामारी और जांच अभियान चलाने का निदेश दिया गया 'इसी क्रम में विधायक श्री दामोदर रावत और सुश्री श्रेयसी सिंह ने आइसीडीएस सेवा के सभी योजनाओं का विंदुवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में सेविका व सहायिका चयन एवं क्रियाशील आंगनबाड़ी केंद्रों की अद्यतन स्थिति, टोकन प्रणाली से पोषाहार टीएचआर वितरण की अद्यतन स्थिति, होम विजिट के माध्यम से आंगनबाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण, मनरेगा एवं आईसीडीएस के अभिसरण से भवन निर्माण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण अभियान , सजन अभियान, न्यायालयवाद की गहन समीक्षा उपरांत निर्देश दिया गया कि आईसीडीएस द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन तथा गृह भ्रमण होम विजिट के माध्यम से 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं योजनाओं का लाभ लाभुकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे, इसकी पूर्ण जिम्मेवारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं संबंधित सेविका की होगी।

प्रत्येक माह टीएचआर पोषाहार वितरण हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व व स समय राशि की निकासी कोषागार से करना सुनिश्चित करेंगे ताकि विभाग द्वारा निर्धारित तिथि में विजिट के माध्यम से टीएचआर पोषाहार का लाभ लाभुकों को उपलब्ध कराया जा सके। इस तरह से बारी-बारी सामाजिक सुरक्षा विभाग, बल संरक्षण इकाई, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लघु सिंचाई, सिंचाई प्रमंडल जमुई और लक्ष्मीपुर ,झाझा,सिकंदरा, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, विधुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, श्रम संसाधन विभाग, जिला कल्याण कार्यालय ,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, जिला आपूर्ति शाखा,जिला पंचायत शाखा जिला परिवहन कार्यालय, जीविका, ग्रामीण विकास विभाग, जिला राजस्व शाखा, बंदोबस्त कार्यालय तथा मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के पदाधिकारी को अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने को कहा ' 20 सूत्री बैठक का समापन जिलाधिकारी महोदया ने उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग को धन्यवाद ज्ञापन कह कर किया।

# अस्ता पंचायत में जीपीडीपी योजना 2025-26 की रणनीति तैयार, आदर्श पंचायत बनाने पर जोर

**थरथरी (नालंदा) (नवशक्ति)।** थरथरी प्रखंड के अस्ता पंचायत सरकार भवन में मुखिया अंजू देवी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंचायत सचिव प्रियांशु कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2025-26 को तैयार करने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके तहत ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया। सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा बैठक में पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर राजीव रंजन ने भारत सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर निर्धारित नौ स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। इनमें गरीबी उन्मूलन, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक न्याय व सुरक्षा, सुशासन युक्त गांव, और महिला हितैषी पंचायत पर जोर दिया गया। जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने का लक्ष्य राजीव रंजन ने जीरो ड्रॉप आउट पंचायत₹ बनाने पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सभी विद्यालयों में गृह-बार सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसमें विद्यालय से बाहर के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शत-प्रतिशत नामांकित करना है। इसके लिए ग्रामीणों से सहयोग करने का अनुरोध किया गया। स्वास्थ्य पर चर्चा



बैठक में स्वास्थ्य पंचायत के अंतर्गत फाइलेरिया बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राजीव रंजन ने बताया कि हाइड्रोसील से ग्रसित मरीजों का ऑपरेशन सरकारी अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। साथ ही हाथीपांव के मरीजों को दिव्यांग प्रमाणपत्र के लाभों की जानकारी भी दी गई। स्वच्छ एवं हरित गांव का आह्वान पंचायत सचिव प्रियांशु कुमार ने सतत विकास के लक्ष्यों पर जोर देते हुए स्वच्छ और हरित गांव बनाने के लिए विशेष पहल की बात कही। उन्होंने गांव में पौधारोपण और कचरा प्रबंधन पर ध्यान देने की अपील की। बैठक में प्रमुख सहभागिता बैठक में मुखिया अंजू देवी, उपमुखिया संतोष कुमार, पंचायत सचिव प्रियांशु कुमार, पंचायत सदस्य कौशल कुमार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड सदस्य, जीविका सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे। यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी, और आगामी बैठक में कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# मकदूमपुर लूटकांड : दो आरोपित गिरफ्तार, लूटा गया मोबाइल बरामद

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** मानपुर थाना क्षेत्र के मकदूमपुर के पास स्कूटी रोककर मोबाइल और नकदी लूटने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों के पास से लूटा गया रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि अन्य दो आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

घटना 5 सितंबर 2024 की शाम करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच मकदूमपुर के सामने धनराज विगहा जाने वाले रास्ते पर हुई थी। चार अज्ञात अपराधियों ने स्कूटी रोककर एक व्यक्ति से मोबाइल और 1,000 रुपये लूट लिए थे। इस मामले में मानपुर थाना में कांड संख्या 129/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था।



पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर 26 दिसंबर 2024 को मकदूमपुर निवासी दो भाई, सोनू मांझी और बिरा मांझी, को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने दो अन्य सहयोगियों का नाम बताया, जिनकी पहचान हो गई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से रियलमी कंपनी का लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया है। इस छापामारी दल में सुमन कुमार, पु०अ०नि० सह थानाध्यक्ष,ब्यूटी कुमारी, पु०अ०नि० (अनुसंधानकर्ता), वकील सिंह, स०अ०नि०, एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और जल्द ही उन्हें भी पकड़ा जाएगा।

## एमओआईसी ने आरआई साईट का किया निरीक्षण, बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं समेत 153 को पड़ा टीका



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय प्रखंड में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण के कार्य चला। पीएचसी हरनौत के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने विभिन्न केंद्र पर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड में सेविका, आशा और एएनएम की सहायता से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोर-किशोरियों को टीका लगाया गया ।जिसमें शुन्य से एक वर्ष के 114 बच्चे , एक वर्ष से अधिक 23 बच्चों व 16 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

वहीं नियमित टीकाकरण के नोडल पदाधिकारी डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद ने बताया कि ने बताया कि नियमित टीकाकरण का कार्य 24 जगहों पर चला । उन्होंने बताया कि हरेक सप्ताह बुध एवं शुक्रवार को होता है। बुधवार को सरकारी अवकाश था ।इसके बदले गुरुवार को हुआ। बताया कि इसका उद्देश्य बीमारियों को खत्म करके भावी पीढ़ियों को सुरक्षित रखने में मदद करना है। उन्होंने प्रभारी डॉ. सिन्हा ने पोआरी गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर चल रहे के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न केंद्र पर एमसीपी कार्ड की भी जांच की।

# डंपिंग यार्ड हटाने की मांग पर ग्रामीणों का फूटा गुस्साः कलेक्ट्रेट का घेराव, आंदोलन की दी चेतावनी

**संजय कुमार/प्रेम कुमार**
**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** शहर के कोसूक, राणा बिगहा, सिपाह और पचौड़ी गांव के आसपास पंचाने नदी के किनारे लंबे समय से कूड़ा डंप किया जा रहा है। इस समस्या ने अब विकराल रूप ले लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। डंपिंग यार्ड के कारण बढ़ती दुर्गंध, धुएं और बीमारियों से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने डंपिंग यार्ड को अन्यत्र स्थानांतरित करने की अपनी मांग को जोर-शोर से उठाया। ग्रामीणों की बढ़ती पीड़ाः दुर्गंध और धुएं से मुश्किल भरा जीवन डंपिंग यार्ड से निकलने वाली दुर्गंध और कचरे में आग से उठने वाले धुएं ने स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के कारण कई लोग श्वसन संबंधी बीमारियों और संक्रमण से जूझ रहे हैं। मरे हुए जानवरों को भी डंप किया जा रहा है, जिससे स्थिति और बदतर हो गई है। स्कूली बच्चों ने बताया कि वे दुर्गंध के कारण पढ़ाई में भी ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। एक छात्रा ने कहा, ₹कक्षा में पढ़ाई करते समय भी बदबू आती है। हमें अक्सर सिरदर्द और उल्टी जैसा महसूस होता है। डीएम के आदेश का पालन न होने से नाराजगी प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के पूर्व आदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर निगम को डंपिंग यार्ड हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही से उनकी समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा नेता शिवकुमार यादव उर्फ सरदार जी ने कहा, ‡यह समस्या सिर्फ एक गांव की नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की है। प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर आबादी के बीच कचरा डंप कर रहा है। इससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हमारी मांग है कि डंपिंग यार्ड को तुरंत हटाया जाए और नई




जगह पर स्थानांतरित किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज होगा। कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन और सड़क जाम प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों ग्रामीण और स्कूली बच्चे कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर बैठ गए और जाम लगा दिया। इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। एक प्रदर्शनकारी राजकिशोर प्रसाद ने कहा, जब तक डंपिंग यार्ड को यहां से हटाया नहीं जाएगा, तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे। स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं का समर्थन प्रदर्शन में स्थानीय नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इनमें राजकिशोर प्रसाद, सत्येंद्र कृष्णन उर्फ चुनचुन सिंह, सकलदीप प्रसाद यादव, शिवलाल पंडित, विष्णुदेव पासवान, मकसूदन पासवान और उमेश चंद्र चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए और डंपिंग यार्ड को तुरंत हटाने की मांग की।

स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर खतरा विशेषज्ञों के अनुसार, आबादी के बीच कूड़ा डंप करना पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है।

इससे हवा और पानी दोनों प्रदूषित होते हैं। स्थानीय डॉक्टरों ने भी चेतावनी दी है कि डंपिंग यार्ड के कारण श्वसन रोग, त्वचा संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने सरकार और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

डंपिंग यार्ड की यह समस्या न केवल स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है, बल्कि पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। ग्रामीणों का गुस्सा इस बात का संकेत है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन कब और कैसे इस समस्या का समाधान करता है।

## राजगीर महोत्सव में युवाओं के बीच सरकार का संदेश पहुंचा रहे डीआरसीसी कर्मी

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** राजगीर के हॉकी मैदान में राजगीर महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में दर्जन भर से ज्यादा विभागों का स्टॉल लगाकर मेला देखने आए हुए लोगों के बीच योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी स्टॉलों में जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र नालंदा का भी स्टॉल लगाया गया है जहाँ डीआरसीसी कर्मी युवा वर्ग के बीच सरकार का संदेश पहुंचा रहे हैं । स्टॉल पर नवयुवकों को मुख्यमंत्री के सात निश्चय में प्रथम निश्चय ₹आर्थिक हल युवाओं का बल₹ के अंतर्गत चल रही तीनों योजनाओं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। 26 दिसंबर को स्टॉल पर तैनात डीआरसीसी नालंदा के एसडब्लूओ राजेश कुमार एवं राजेश कुमार दास द्वारा बताया की स्टॉल पर आने वाले युवा युवतियों को इन योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं लाभ लेने के इच्छुक लोगों को योजना से सम्बंधित मूल कागजात लेकर जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र बिहारशरीफ में आने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही इन योजनाओं से सम्बन्धित पम्पलेट का वितरण भी इनलोगों द्वारा किया जा रहा है।



# गया भुरसुंडा ने 59 रनों से जीता इस्लामपुर प्रीमियम लिग टूनार्मेंट का खिताब



**इस्लामपुर(नालंदा) (नवशक्ति)।** नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय (+2) के मैदान में आयोजित इस्लामपुर प्रीमियम लिग टूनार्मेंट का फाइनल मैच गया भुरसुंडा और कल्याण विगहा, हरनौत की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गया भुरसुंडा की टीम ने 16 ओवरों में 166 रन बनाए। जवाब में कल्याण विगहा, हरनौत की टीम 107 रनों पर ऑल आउट हो गई। गया भुरसुंडा ने यह मुकाबला 59 रनों से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

सम्मान और पुरस्कार वितरणः विजेता टीम को नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ट्रॉफी और 31,000 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 11,000 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच₹ और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अभय यादव को दिया गया, जिन्होंने गया भुरसुंडा टीम से शानदार प्रदर्शन किया। स्वर्णकार समाज ने उन्हें बड़ा एलईडी टीवी देकर सम्मानित किया।

सांसद का संदेशः सांसद कौशलेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। उपविजेता टीम को निराश न होकर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए खेल आयोजन को समाज के लिए सकारात्मक संदेश बताया।

सांसद ने घोषणा की कि मार्च 2025 से नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय मैदान की बाउंड्री का कार्य शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, जदयू नेता वीरेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, गुड्डू सिंह, बबलू सिंह, दीपक कुमार, उजाला सोनी, अरविंद प्रसाद स्वर्णकार, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने 25 आवेदकों की समस्याएं सुनी, त्वरित समाधान के निर्देश दिए




**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने आज गुरुवार को जनता दरबार में 25 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में ज्यादातर मामले जमीन विवाद, आपराधिक घटनाओं और आपसी झगड़ों से संबंधित थे। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों को न्याय दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशीलता और ईमानदारी से काम करने का निर्देश दिया।

## चंडी में दिनदहाड़े चैन लूट : महिला ने शोर मचाकर किया विरोध, बदमाश फरार

**चंडी (नालन्दा)(नवशक्ति)।** थाना क्षेत्र के मुहाने पूल पर गुरुवार दोपहर 3:15 बजे सब्जी खरीद रही महिला से अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने चैन लूट ली। महिला ने बताया कि वह सब्जी खरीद रही थी तभी दो बदमाश बाइक से आए और पीछे से उसकी गले पर हाथ मारकर चैन तोड़ ली। महिला ने तुरंत शोर मचाया और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन बदमाश जैतीपुर की ओर भाग निकले। पीड़िता की शिकायत और चैन की कीमत पीड़ित महिला सुनीता कुमारी ने बताया कि चैन की कीमत लगभग एक लाख अस्सी हजार रुपये थी। घटना के बाद महिला ने थाने में जाकर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस कार्रवाई सूचना मिलने पर पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना चंडी क्षेत्र में बढ़ते अपराध का संकेत है, जहां महिलाओं को अब भी सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा है। पुलिस से उम्मीद जताई जा रही है कि वे जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर मामले का समाधान करेंगे।

## हरनौत बाजार से नाबालिग लापता

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय लड़की लापता हो गई। लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी 18 दिसंबर के सुबह हरनौत बाजार गई थी। लेकिन उसके बाद से वह घर नहीं लौटी है।

उन्होंने बाजार के हीं डीहपर निवासी आजाद कुमार के उपर ले भगाने का आरोप लगाया है ।पुलिस ने कांड दर्ज कर लड़की के लापता होने की जांच शुरू कर दी है। लड़की की मां ने अपील की है कि अगर किसी को उनकी बेटी के बारे में कोई जानकारी है, तो वे पुलिस को संपर्क करें। वहीं इस कांड के अनुसंधान की ज़िम्मेदारी पीएसआई खुशबु कुमारी को दी गई है।

# नालंदा की बेटी गोल्डी को दिल्ली में सम्मानित, राष्ट्रपति ने दी पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी गोल्डी कुमारी को राष्ट्रपति भवन में वीर वाल दिवस के मौके पर राष्?ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पीएम राष्?ट्रीय बाल पुरस्?कार से सम्मानित किया है ।यह सम्मान खेल के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए दी गई है ।दिव्यांग गोल्डी ने थाईलैंड में विश्व पैरा ओलंपिक यूथ गेम्स में एक स्वर्ण और भाला फेक तथा डिस्कस थ्रो गेम में एक-एक कांस्य पदक अपने नाम की है। गोल्डी वर्ग दसवीं की छात्रा जो हरनौत प्रखंड स्थित संत पॉल इंग्लिश स्कूल सारथा में पढ़ती है।

गोल्डी ने गंवाई है अपनी बांयां हाथ , मां भी दुनिया में नहीं है

संत पॉल इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य बीजू थॉमस ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 26 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में गोल्डी को यह सम्मान दिया गया। उन्होंने बताया कि गोल्डी ने 13वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं ।वह मिसी गांव निवासी संतोष यादव की पुत्री है ।जो दिव्यांग होने के बावजूद गोल्डी ने हिम्मत नहीं हारी और आज खेल जगत में एक मिसाल पेश की है। बताया कि गोल्डी के साथ बचपन में एक हादस हुआ था। यह हादसा उस वक्त हुई जब गोल्डी महज 10 महीने की थी ।वो अपने मां एवं दादी के साथ पटना के खुसरूपुर चिकित्सक के पास जा रही थी ।तभी बख्तियारपुर रेलवे



जंक्शन पर गोल्डी गिर गई ।जहां एक ट्रेन की चपेट में आने से उन्होंने अपने बाएं हाथ को खो दिया था ।

इस हादसे में उनकी मां का भी निधन हो गया। इसके बाद उनकी नानी और दादी ने उनका पालन-पोषण किया। शारीरिक चुनौती के बावजूद गोल्डी ने कभी हार नहीं मानी और अपने हौसले से हर मुश्किल को मात दी।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णिम सफर प्राचार्य श्री बीजू ने बताया कि गोल्डी ने आठवीं कक्षा से खेलों में हिस्सा लेना शुरू किया। स्कूल स्तर पर उन्होंने सामान्य छात्रों को हराकर पदक जीते। उन्होंने खुशी कुमारी नामक छात्रा को हरा करके मेडल जीतीं थी ।फिर जिला , राज्य , देश वहीं आज थैलैंड तक गयी। उनका आत्मविश्वास स्कूल से बढ़ा ?।तब विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए उन्होंने खुद को साबित किया। इस सब में स्कूल के एक कोच आभा अबनी, फिजिकल टीचर दिनेश कुमार , नेशनल पैरा खिलाड़ी कुंदन कुमार पांडे व अन्य ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शारीरिक चुनौती के बावजूद कभी हार नहीं मानी और अपने हौसले से हर मुश्किल को मात दी। उन्होंने बताया कि जनवरी 2023 में गुजरात में आयोजित 12वीं जूनियर और सब जूनियर पारा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्डी ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था । इसके बाद बंगलुरु में हुई 13वीं जूनियर और सब- जूनियर प्रतियोगिता में उन्होंने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और जेवलिन व शॉटपुट में रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन कर चुकी हैं। वहीं एक से सात दिसंबर तक थैलेंड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व पैरा ओलंपिक यूथ गेम में स्वर्ण समेत तीन मेंडल जीतकर देश समेत अपने स्कूल का नाम रौशन किया है ।जिसके लिए यह पुरस्कार मिला है। गोल्डी कोलकाता स्थित साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेहनत कर रही है ।उनका सपना है कि पैरा ओलंपिक में भारत के लिए मेंडल जीतें। वही इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर बीणा बीजू समेत अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक

**सीतामढ़ी (संवाददाता)।** प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में सीतामढ़ी समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में संयुक्त समीक्षात्मक बैठक की।

संयुक्त समीक्षात्मक बैठक में सीतामढ़ी जिला के जिलाधिकारी रिची पांडेय ने सीतामढ़ी और शिवहर जिले के विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली-नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज / परिमार्जन / परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन-हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। हमलोग मिलकर लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। हम दो बार गलती से इधर से उधर चले गए थे। अब हमलोग हमेशा साथ रहेंगे और बिहार के साथ देश का विकास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। 1247 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा रही है, जिसमें 746 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा चुकी है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। हमलोगों ने देखा कि मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसको देखते हुए मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का निर्णय लिया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। पहले बरसात के महीने में सीतामढ़ी राज्य से 4 महीने के लिए कट जाता था, सीतामढ़ी से पटना पहुंचने में काफी समय लगता था और काफी परेशानी होती थी लेकिन अब लोग आसानी से सीतामढ़ी से पटना पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थीं। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे स्कूल समय पर जाने लगीं और साथ ही शाम में अपने माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं। यह दृश्य देखकर काफी अच्छा लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। अब 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव हो गए हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनकर आई हैं। हमलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया है।

वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसका नतीजा है कि बिहार पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है। बिहार में 30 हजार की संख्या में महिला पुलिस लेस है। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया।

## अमर शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है : मंत्री योगेंद्र

**निर्मल महाराज/पेटरवार।** सूबे के पेयजल स्वच्छता, एवं उत्पाद मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता निर्मल महतो की जयंती पर झारखंड मुख्ति मोर्चा के गोमिया प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने उनके अतुलनीय योगदानों को याद करते हुए कहा कि निर्मल महतो ने अलग राज्य आंदोलन को एक नई दिशा और दशा देने का काम किया था। उनके बलिदान अविस्मरणीय हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी राज्यहित में कार्य करने को प्रेरित करते रहेंगे। अमर शहीद निर्मल महतो हम सभी के प्रेरणास्त्रोत है। उनके बलिदान और संघर्ष की गाथा को हमें जन जन तक पहुँचना है। अमर शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : गिरि

**निर्मल महाराज/बोकारो।** बुधवार को सेक्टर 12ई स्थित डा. भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा को पानी से धोकर व पुष्प अर्पित कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में बाबा साहेब का आपत्तिजनक टिप्पणी करने का विरोध किया गया। नेतृत्व इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने किया। श्री गिरि के नेतृत्व में बिरसा बासा स्थित बिरसा- अंबेडकर के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गृह मंत्री श्री शाह का विरोध करते हुए युवाओं को जागरूक किया गया। मौके पर अधिवक्ता श्री गिरी ने कहा की बाबा साहेब का अपमान पूरे देश का अपमान है। इससे भारत के सभी वर्ग आहत हुए है। गृह मंत्री को नफरत की राजनीति छोड़ कर सिर्फ देश के विकास पर फोकस करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह के घृणित सोच को देश में देख लिया। आंख में जो पट्टी बंधी हुई थी वह सबके सामने खुल गया। राज्यसभा में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की बेइज्जती का घोर निंदा करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में जो लोग संविधान को बदलने बात करेगा, ऐसे सोच भी रखता हो, तो देश के लोग उसे सबक सिखाएगी। जय भीम एक नारा नहीं है, लोकतंत्र में एक प्रतीक के साथ स्वाभिमान भी है। अर्जक संघ यमुना राम ने कहा की गृह मंत्री होने के नाते अमित शाह को ऐसा विचार व्यक्त नहीं करना चाहिए। अमित शाह के रवैया से पूरा समाज मामाहर्त है। बाबा साहेब ने पूरा जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव और छूआछूत के उन्मूलन जैसे कार्यों के लिए समर्पित किया है। संविधान निमार्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान लोहरी रजक, यमुना प्रसाद, सेठ राम, किट्टू कुमार, अमर, भगत, झारीलाल पत्रा, संजय कुमार रजक, पवन कुमार रजक, राजभवन कुमार, दीपक सवाईयां, राहुल समद, बुधन मुंडा, सोपो बिरुली, दीपक पड़ेया आदि मौजूद थे।

## सभी पेट्रोल पंप संचालक नो हेलमेट - नो पेट्रोल का बॉर्ड लगाएं

**निर्मल महाराज/बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने पत्र जारी कर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पंप परिसर में नो हेलमेट - नो पेट्रोल का बोर्ड अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, इसे सख्ती से सुनिश्चित करने को कहा है।

परिवहन विभाग झारखण्ड राँची के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो पहिया वाहन परिचालन के क्रम में हेलमेट का प्रयोग चालक के साथ-साथ पिछे बैठने वाले व्यक्ति को भी किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि पेट्रोल पंप परिसर में नो हेलमेट-नो पेट्रोल का बॉर्ड लगाते हुए बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करेंगे। विभाग के टीम द्वारा निरीक्षण के क्रम में ऐसा नहीं पाएं जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरूद्ध नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



**दुमका / प्रियव्रत झा।** सरैयाहाट स्थित प्रखंड सभागार में मंगलवार को बाल संरक्षण समिति की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बाल विवाह, बाल मजदूर, बाल तस्करी, बाल उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई है। मौके पर सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ राहुल शानू ने कहा कि कठिन परिस्थिति के बच्चों को चिन्हित करने और उसे स्पॉन्सरशिप योजना से जोडा जाय। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समिति की सक्रियता से ही बाल श्रम पर रोक लगेगा तथा बालकों को उचित संरक्षण मिल पायेगा। वहीं बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल उत्पीडन, बाल तस्करी पर भी अंकुश लगेगा। इस दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी, सरैयाहाट थाना के पुलिस अधिकारी, आंगनबाड़ी सेविका सहित अन्य मौजूद थे।

## खतरे में है महात्मा गांधी की विरासत, कांग्रेस की बैठक में बोलीं सोनिया गांधी, बीजेपी पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों पर महात्मा गांधी की विरासत को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी विरासत को दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों और उन्हें पोषित करने वाली विचारधाराओं और संस्थानों से खतरा है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में पढ़े गए अपने संदेश में, सोनिया गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला और उन ताकतों से लड़ने का आह्वान किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि उन्होंने जहरीला माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई।

सोनिया गांधी ने कहा कि यह हमारे देश के इतिहास में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर था। आज, हम महात्मा गांधी की विरासत को संरक्षित, संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं। वह हमारी प्रेरणा के मूल स्त्रोत रहे हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह वह ही थे जिन्होंने उस पीढ़ी के हमारे सभी उल्लेखनीय नेताओं को तैयार किया और उनका मार्गदर्शन किया। उनकी विरासत को नई दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों और उन्हें पोषित करने वाली विचारधाराओं और संस्थानों से खतरा है।

गांधी ने कहा कि इन संगठनों ने कभी भी हमारी आजादी के लिए लड़ाई नहीं लड़ी। उन्होंने महात्मा गांधी का कटु विरोध किया। उन्होंने एक विषाक्त वातावरण बनाया जिसके कारण उनकी हत्या हुई। वे उसके हत्यारों का महिमामंडन करते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश भर में विभिन्न स्थानों पर गांधीवादी संस्थानों पर हमले हो रहे हैं और कहा कि यह उचित है कि इस बैठक को 'नव सत्याग्रह बैठक' कहा जाए। उन्होंने कहा कि अब यह हमारा पवित्र कर्तव्य है कि हम इन ताकतों का पूरी ताकत से और अडिग दृढ़ संकल्प के साथ मुकाबला करने के अपने संकल्प को नवीनीकृत करें।

## पंजाब एंड सिंध बैंक की 1584 वीं शाखा की स्थापना



**दुमका/ प्रियव्रत झा।** भारत सरकार के अग्रणी बैंको मे से एक पंजाब एंड सिंध बैंक की अपनी 1584वीं शाखा की स्थापना मंगलवार को दुमका में हुई । जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त अंजनेयुलु दोड्डे ने फीता काटकर किया। कहा गया कि शाखा के माध्यम से लोगों को कई आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इतना ही नहीं ऋण सुविधाएं, बचत और चालू खाता विकल्प, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं आदि के सहुलियत से ग्राहकों का काम आसान हो जाएगा।

इस दौरान बैंक के अंचल प्रबंधक समिंदर सिंह ने बैंक के उत्पादों और डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्राहकों को बताया कि ढरइ वठक्क ऐप के जरिए बैंकिंग सेवाएं और भी सरल हो गई है। नई शाखा के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर वित्तीय सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

## इस्लामपुर में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन



**इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)।** नेहरू युवा केंद्र, नालंदा द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को इस्लामपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय विष्णुपुर के खेल मैदान में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करता है, बल्कि युवाओं को नई दिशा प्रदान करता है। प्रतियोगिता के पहले दिन फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और दौड़ जैसे खेलों का आयोजन हुआ।

लड़की कबड्डी में विष्णुपुर प्लस टू स्कूल ने 14 अंकों से जीत दर्ज की, जबकि उपविजेता अमनावां वूमेंस रही। फुटबॉल में अमनावां बॉयज और सोनवान बॉयज के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। बैडमिंटन में अमनावां वूमेंस और विष्णुपुर प्लस टू स्कूल के बीच शानदार खेल देखने को मिला। प्रखंड प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। आसपास के गांवों से सैकड़ों खेल प्रेमियों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया और खेल आयोजन की प्रशंसा की। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को होगा।

## महाकुंभ की सुरक्षा में संगम के भीतर मौजूद रहेगा अंडर वॉटर ड्रोन



**लखनऊ।** महाकुंभ का आगज होने में अब कुछ दिनों का समय बचा है। योगी सरकार श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधा देने के लिये तो वचनबद्ध नजर आ ही रहा है, इसके अलावा उसके सामाने आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी बढ़ी चुनौती है। इसके लिये चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के अचूक इंतजाम किये गये हैं नभ और थल के बाद अब जल के भीतर से भी कुंभ स्थल पर अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों की निगाहबानी की जायेगी। सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार बताई जा रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर परिस्थिति में 45 करोड़ लोगों के संगम स्नान का पूरा सुरक्षित प्लान तैयार करने के तहत महाकुंभ में पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया जा रहा है। जो 24 घंटे पानी के भीतर प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम होगा। सबसे खास बात यह है कि यह अंडर वॉटर ड्रोन अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने में कारगर हथियार साबित होगा। यह पानी के नीचे 100 मीटर गहराई तक टोह लेने में सक्षम है और किसी भी परिस्थितियों में सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की खूबियों से लैस है।

प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, पूर्वी जोन, प्रयागराज डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने गत दिवस बेहद तेज गति से और असीमित दूरी तक पानी के अंदर काम करने वाले इस ड्रोन को लॉन्च किया। उन्होंने इस ड्रोन की खासियत और महाकुंभ में इसकी आवश्यकता के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह ड्रोन पैनिक अंदर 100 मीटर तक जाकर हर गतिविधि की रिपोर्ट आई ट्रिपल सी तक पहुंचाएंगे। इसे असीमित दूरी तक ऑपरेट किया जा सकता है।

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच भव्यता के साथ आयोजित की गई वाणावर महोत्सव

### पार्श्व गायिका भव्या पंडित, बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक जोली मुखर्जी, हास्य कलाकार रवींद्र जॉनी के साथ स्थानीय कलाकारों ने लिया भाग





**जहानाबाद।** पर्यटन विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को वाणावर महोत्सव का भव्य आयोजन बराबर पहाड़ी के तलहटी में (पाताल गंगा), मखदुमपुर, जहानाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय,माननीय विधायक, जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सूदय यादव, माननीय विधायक, मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र श्री सतीश कुमार ,माननीय अध्यक्षा, जिला परिषद, जहानाबाद श्रीमती रानी कुमारी , उप विकास आयुक्त श्री धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच श्री विनय कुमार सिंह, तथा अध्यक्षा, नगर पंचायत , मखदुमपुर श्रीमती मीना देवी को पौधा, वाणावर गुफा का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। साथ आगत अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। वाणावर महोत्सव, 2024 के अवसर पर पार्श्व गायिका भव्या पंडित, बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक जोली मुखर्जी, हास्य कलाकार रवींद्र जॉनी तथा स्थानीय कलाकारों यथा- लोक गायिका सुश्री वैष्णवी कुमारी , लोक गायक श्री हरिशंकर प्रसाद सिंह, स्पर्श कार्यक्रम के तहत दिव्यांग विद्यार्थी सूरज कुमार ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों द्वारा बराबर पहाड़ी और इसके आस पास के क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में और विकसित करने के लिए अपने विचार रखे गए तथा जिला प्रशासन को पर्यटकीय क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम में शामिल कलाकारों को भी मनमोहक प्रस्तुति के लिए जिला पदाधिकारी, माननीय विधायक मखदुमपुर ,उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता विभागीय जांच सहित अन्य पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही वाणावर महोत्सव के अवसर पर शिक्षा कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा आगत अतिथियों, कालाकारो एवं कार्यक्रम को सफल बनाने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों यथा अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला पर्यटन शाखा, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मखदुमपुर, अंचल अधिकारी, मखदुमपुर, उद्घोषिका श्रीमती रूपम सहित वाणावर महोत्सव में लगे समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद